मुख्यालय
"गौरा देवी पर्यावरण भवन"
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
E-mail: msukpcb@yahoo.com, फोन: 0135-2607092

पत्रांक–यूईपीपीसीबी / एचओ / NOC-7362 / 1756 दिनांक: 11.02.2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये सूचना

M/s Uttam Sugar Mills Ltd (Distillery Division) द्वारा Vill&Libberheri, Tehsil-Roorkee, Distt- Haridwar में प्रस्तावित Expansion of Distillery capacity from 62.5 KLD to 72.5 KLD through addition of 10 KLD Malt/Can Juice based Distillery Plant without change in Co-Gen Power-3.0MW within existing premises at Vill-Khundi Libberheri, Tehsil-Roorkee, Distt- Haridwar हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये लोक सुनवाई का प्रस्ताव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा Terms of Reference निर्धारित किये गये हैं, जिनके अन्तर्गत प्रस्तावक के द्वारा ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं पर्यावरण प्रबन्धन योजना आदि तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 यथासंशोधित के अनुसार उक्त प्रकार की परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व लोक सुनवाई का प्राविधान है, जिस हेतु 30 दिनों का नोटिस समाचार पत्रों के माध्यम से जन साधारण के संज्ञानार्थ दिया जाना आवश्यक है। लोक सुनवाई हेतु "पैनल" की संरचना उक्त अधिसूचना के अनुरूप निम्नवत् है :–

1. जिलाधिकारी, जनपद, हरिद्वार या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि जो अपर जिलाधिकारी स्तर से कम पद का न हो, लोक सुनवाई के अध्यक्ष।
2. उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।

परियोजना से सम्बन्धित जमा समस्त अभिलेख (i) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25–सुभाष रोड, देहरादून (ii) मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, 46बी, आई०टी० पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई परिकल्प भवन परिसर, रुड़की (iv) कार्यालय जिलाधिकारी, हरिद्वार (v) कार्यालय जिला पंचायत, हरिद्वार (vi) जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार के कार्यालय में उपलब्ध है जिनका कोई भी इच्छुक संस्था / व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के सारांश की प्रति **www.ueppcb.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

M/s Uttam Sugar Mills Ltd (Distillery Division) द्वारा Vill-Libberheri, Tehsil-Roorkee, Distt- Haridwar में प्रस्तावित Expansion of Distillery capacity from 62.5 KLD to 72.5 KLD through addition of 10 KLD Malt/Can Juice based Distillery Plant without change in Co-Gen Power-3.0MW within existing premises at Vill-Khundi Libberheri, Tehsil-Roorkee, Distt-Haridwar हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये लोक सुनवाई दिनांक 18.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे से परियोजना स्थल में कोविड–19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेसिंग, आवश्यक रूप से मास्क का प्रयोग, थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंडवाश व सेनेटाइजर तथा अन्य सुरक्षात्मक उपयों के साथ निर्धारित की जाती है।

अतः सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित परियोजना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अपने मौखिक, लिखित, सुझाव, टीका टिप्पणियों एवं आपत्तियां इस कार्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई परिकल्प भवन पसिर, रुड़की में इस सूचना से सम्बन्धित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रेषित् कर सकते हैं अथवा लोक सुनवाई के समय भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

Hindustan Times 12/2/25

सदस्य सचिव
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड